हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 10 नवंबर 2026

तापमान

अधिकतम 29 .5 डिग्री
न्यूनतम 15 .8 डिग्री

12 पटाखे की चिंगारी से होटल में लगी भीषण आग



12 निगम सभी वार्डों में चलाएगा सफाई अभियान



खबर संक्षेप

अमेरिका भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 25 लाख

यमुनानगर। शहर की लक्ष्मी नगर सरोजनी कालोनी में युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर 25 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पैसे लेने के बाद भी आरोपियों ने युवक को अमेरिका नहीं भेजा। बाद में आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सरोजनी कॉलोनी लक्ष्मी नगर निवासी मोहनलाल ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का उत्सव 2024 में रोजगार के लिए अमेरिका जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात भीष्म सिंह, अरुण मलिक व संदीप सिंह के साथ हुई।

लिंक भेजकर अकाउंट से उड़ाए 4.58 लाख रुपये

यमुनानगर। साइबर ठगों ने ने लक्ष्मी नगर निवासी ज्योति गर्ग के मोबाइल पर लिंक भेज कर उसके अकाउंट से चार लाख 58 हजार रुपये निकाल लिए। ज्योति गर्ग को जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कैंटर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, चालक फरार

बापौली। सनौली थाना क्षेत्र में छाजपुर कलां गांव के सामने एनएच.709 पर तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से बाइक सवार युवक राजुद्दीन की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कैंटर मौके पर छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के भाई शमशाद निवासी गांव पंजीठ, जिला शामली उत्तर प्रदेश की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार राजुद्दीन पानीपत में बेलदार का काम करता था। गत 7 नवंबर को वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। शाम करीब 5:30 बजे छाजपुर कलां के सामने पानीपत की ओर से आ रहे कैंटर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीछे आ रहे गांव के शाहिद ने कैंटर का नंबर नोट कर परिजनों को सूचना दी।

छठ पूजा पर रेलवे ने चलाई दो स्पेशल ट्रेनें

अंबाला। छठ पूजा के दौरान ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों के लिए 2 स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। 'ट्रेन ऑन डिमांड' योजना के तहत ये ट्रेनें अंबाला मंडल से होकर गुजरेंगी। इनमें एक ट्रेन सरहिंद से सहरसा और दूसरी चंडीगढ़ से कटिहार के बीच चलेगी। दोनों ट्रेनों का ठहराव अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर भी रहेगा। इससे बिहार जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी और नियमित ट्रेनों में भीड़ का दबाव कम होगा। रेलवे के अनुसार, 04568 सरहिंद-सहरसा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन सोमवार को सरहिंद से रवाना होकर राजपुरा के रास्ते अंबाला कैंट पहुंची।

देर रात तक चले पटाखे, वायु प्रदूषण से जहरीली हुई हवा

दीपावली पर रोशनी: घरों व प्रतिष्ठानों में मां लक्ष्मी-गणेश का पूजन, बाजारों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

दीपावली का पर्व जिलेभर में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांवों तक दीपोत्सव की रौनक देखने को मिली। शाम ढलते ही घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में दीपक व रंग-बिरंगी झालरें जगमगा उठीं। आतिशबाजी और फुलझड़ियों के बीच लोगों ने परिवार के साथ त्योहार की खुशियां मनाईं। हालांकि देर रात तक चले पटाखों के दौर ने वातावरण में प्रदूषण भी बढ़ा दिया। पटाखों के धुएं और तेज आवाजों से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए भी यह स्थिति मुश्किल भरी रही। दीपावली पर सुबह से ही घरों में साफ-सफाई और सजावट का सिलसिला चलता रहा। लोगों ने मकानों में रंग-रोगन करवाया और नए पर्दे, बेडशीट व सजावटी सामान से घरों को सजाया। शाम को शुभ मुहूर्त में परिवारों ने मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को मिठाइयां बांटकर और गले मिलकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।



कुरुक्षेत्र। शहर की गली में जलते पटाखे।

बाजारों में रही भारी भीड़ रेलवे रोड पर लगा जाम

दीपावली के अवसर पर शहर के बाजारों में सुबह से ही खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। रेलवे रोड, मोहन नगर और कच्चा घेर में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। मिठाई, पूजन सामग्री, दीपक, मोमबत्तियों और सजावटी सामान की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। गेंदा के फूलों की माला 40 से 50 रुपये में बिकी। लोगों ने रिश्तेदारों और परिचितों को देने के लिए मिठाइयों के साथ गुलदस्ते भी खरीदे। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख चौराहों पर पुलिसकर्मी तैनात रहे।

मिठाई और उपहारों से बांटी खुशियां

दीपावली पर मिठाई की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिठाई की दुकानों पर अच्छी खरीदारी हुई। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई और उपहार देकर पर्व की बधाई दी। दुकानदारों ने भी मांग को देखते हुए पहले से मिठाइयों का पर्याप्त स्टॉक तैयार कर रखा था।

देर रात तक चलती रही आतिशबाजी

दीपावली की शाम से शुरू हुआ पटाखे चलाने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। शहर की गलियों और कॉलोनियों में युवाओं व बच्चों ने पटाखे और फुलझड़ियां चलाईं। तेज धमाकों और धुएं के कारण कई क्षेत्रों में लोगों को परेशानी हुई। पटाखों से उठे धुएं ने वातावरण की गुणवत्ता को प्रभावित किया।

धन की देवी मां लक्ष्मी का किया पूजन

धन की देवी लक्ष्मी का पर्व दीपावली धूमधाम से मनाया गया। घर-घर और दुकानों -प्रतिष्ठानों में मां लक्ष्मी का पूजन कर आरती की गई। घर-परिवार के सदस्य लक्ष्मी पूजन के श्रेष्ठ मुहूर्त में मां लक्ष्मी का पूजन कर लक्ष्मी की कृपा और सुख -समृद्धि की कामना की।

3-4 घंटे तक जूझती रही फायर ब्रिगेड

पिहोवा में स्क्रैप गोदाम में लगी भीषण आग

- कैंची चौक के पास पुराने टायर, प्लास्टिक और रबड़ के कबाड़ ने पकड़ी आग, 5 से 6 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र/पिहोवा

दीपावली की रात पिहोवा के कैंची चौक के पास गाड़ियों के स्क्रैप गोदाम में भीषण आग लग गई। गोदाम में रखे पुराने टायर, प्लास्टिक, रबड़ और वाहनों के कबाड़ ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गोदाम से उठती ऊंची लपटें आसपास की दुकानों की तरफ बढ़ने लगीं, जिससे दुकानदारों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग पर काबू पाने के लिए तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को करीब 3 से 4 घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।

शुरूआती अनुमान के अनुसार, आग से 5 से 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गोदाम संचालक ने पटाखों के कारण आग लगने की आशंका जताई है, हालांकि आग लगने का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। गोदाम संचालक के अनुसार, उन्होंने दीपावली की शाम करीब 5:30 बजे गोदाम बंद किया था और घर चले गए थे। करीब दो घंटे बाद पड़ोसी ने फोन कर गोदाम में आग लगने की सूचना दी।



पिहोवा। कैंची चौक के पास स्क्रैप गोदाम में लगी भीषण आग।

टायर व प्लास्टिक के कारण आग बुझाने में आई परेशानी

गोदाम में बड़ी मात्रा में पुराने टायर, रबड़ और प्लास्टिक का सामान पड़ा था। इन वस्तुओं के कारण आग लगातार भड़कती रही। फायरकर्मी एक तरफ से आग बुझाने का प्रयास करते तो दूसरी तरफ लपटें उठने लगतीं।

कुरुक्षेत्र में आग लगने की 13-14 घटनाएं

फायर स्टेशन इंचार्ज सोमदत्त के अनुसार, दीपावली के दौरान कुरुक्षेत्र में आग लगने की करीब 13 से 14 घटनाएं सामने आईं। इनमें ज्यादातर मामले शहर के थे। एक मामला पानीपत की फैक्टरी से संबंधित था। अधिकांश घटनाओं में कबाड़ में आग लगने की सूचना मिली।

एलएनजेपी अस्पताल में झुलसने के 10 मामले पहुंचे

दीपावली पर पटाखे जलाते समय झुलसने की घटनाएं भी सामने आईं। कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल में एक महिला समेत 10 लोग जलने की शिकायत लेकर पहुंचे। इनमें पटाखे जलाते समय हादसे का शिकार हुए लोग शामिल थे।

इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की दुकान में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जला

- दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर बस स्टैंड के पास स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की एक दुकान में बीती रात आग लग गई। दुकान के ऊपर बने गोदाम से आग की ऊंची लपटें उठती देख आसपास के लोग सहम गए। दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दुकान में आग किस कारण से लगी इसका अभी तक कुछ भी पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अनुसार यमुनानगर बस स्टैंड के पास स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में दीपावली की रात अचानक से आग लग गई। आग धीरे-धीरे तेज गति से भभकने लगी। लोगों ने जब दुकान के ऊपर बने गोदाम से आग की लपटें उठती देखी तो इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। प्रत्यक्षदर्शी मुकेश ने बताया कि रात करीब 11 बजे दुकान के ऊपर बने गोदाम में आग की लपटें उठती दिखाई दी। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। दुकान मालिक को भी सूचना देकर बुलाया गया। कुछ ही देर में आग तेजी से फैलने लगी। स्थिति को देखते हुए लोगों ने सबसे पहले दुकान का बिजली कनेक्शन कटवायाए ताकि करंट या शॉर्ट सर्किट से कोई दूसरा हादसा न हो। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम द्वारा करीब 45 मिनट तक लगातार प्रयास करने के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। आग किस कारण से लगी अभी इस बारे कुछ भी पता नहीं चल पाया है। दुकान मालिक ने बताया कि आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

मिठाई की दुकान पर प्लास्टिक थैली को लेकर महासंग्राम, दोनों पक्षों में चले लात-घूंसे व कुर्सियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

दिल्ली से धार्मिक पूजा-अर्चना करने घरौंडा आए एक परिवार का रेलवे रोड स्थित मिठाई की दुकान के संचालक के साथ विवाद हो गया। विवाद की वजह मिठाई खरीदने के बाद एक प्लास्टिक की थैली मांगना बताया जा रहा है। देखते ही देखते मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। घटना के दौरान दुकान में रखी कुर्सियां और मिठाई बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान तक एक-दूसरे पर फेंका गया। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच हुई हाथापाई और हंगामे के दृश्य दिखाई दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली से आया परिवार घरौंडा में पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचा था। इस दौरान परिवार के कुछ सदस्य रेलवे रोड स्थित एक मिठाई की दुकान पर मिठाई खरीदने गए। मिठाई खरीदने के बाद प्लास्टिक की थैली को लेकर दुकानदार और ग्राहक के बीच कहासुनी हो गई। दुकानदार का आरोप है कि ग्राहक ने उसके साथ गाली-गलौज की, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और दिल्ली से आए लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

विवाद के बाद बाजार में अफरा-तफरी

दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दुकान के अंदर और बाहर जमकर हंगामा हुआ। दोनों तरफ से लात-घूंसे चले और दुकान में रखी कुर्सियों के साथ मिठाई बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान भी फेंका गया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। विवाद के बाद दुकानदार और उसके कुछ सहयोगियों ने दिल्ली से आए परिवार की कार को घेर लिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को शांत करवाने का प्रयास किया, लेकिन हंगामा कर रहे लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ भी धक्का-मुक्की कर दी। इससे मौके पर तनाव और बढ़ गया। आखिरकार पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। रेलवे रोड जैसे व्यस्त क्षेत्र में हुई इस घटना से आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में भी हलचल मच गई। मामूली सी बात पर शुरू हुआ विवाद जिस तरह मारपीट और हंगामे में बदल गया, उससे बाजार में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

कार्तिक अमावस्या पर कपालमोचन में उमड़ी भीड़

- स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मोक्ष की प्राप्ती के लिए की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

कार्तिक अमावस्या के अवसर पर रविवार को ऐतिहासिक तीर्थ स्थल कपाल मोचन व यमुना नदी के पवित्र घाटों पर श्रद्धालुओं ने पहुंचकर स्नान किया। मौके पर लोगों ने सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया और पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख शांति की कामना की।

अमावस्या के अवसर पर कपालमोचन में पूजा अर्चना करने आए सतविंद्र सिंह, गुरमेज सिंह, महेंद्र सिंह, राजबीर सिंह व सुखदेव आदि ने बताया कि वे यहां अमावस्या स्नान के लिए आए थे। उनका कहना है कि कपाल मोचन तीर्थ स्थल समेत पवित्र सरोवरों में अमावस्य पर स्नान करने से बड़ा पूण्य मिलता है। कहा जाता है कि कपाल मोचन तीर्थ स्थल पर अमावस्य के दिन स्नान व दान करने से व्यक्ति को मूक्ति मिलती है।



यमुनानगर। कपाल मोचन तीर्थ सरोवर पर कार्तिक अमावस्य पर सरोवर में स्नान करते श्रद्धालु।

तीर्थ स्थलों पर पूजा व दान करने का है बड़ा फल

पंडित यशपाल शर्मा का कहना है कि इस बार संयोग की बात है कि कार्तिक अमावस्या पर पवित्र सरोवरों में स्नान करने से बड़ा फल है। उन्होंने बताया कि कार्तिक अमावस्या पर तीर्थ स्थलों पर स्नान, पूजा व दान करने से पापों का नाश होता है और मुक्ति का मार्ग खुलता है। इस दिन पवित्र सरोवरों पर स्नान करना, दान करना काफी फलदायी है। इसलिए वह इस वजह से भी पवित्र सरोवर में स्नान करने पहुंचे हैं।

चलती कार में लगी भीषण आग शीशे तोड़कर चालक ने बचाई जान

अंबाला। अंबाला शहर में बस स्टैंड की पार्किंग से बाहर निकलते समय एक कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार चालक ने किसी तरह शीशे तोड़कर बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। आग की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और पानी डालकर आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। कार चालक की पहचान डेराबस्सी के सिकंदर लाल सहगल के रूप में हुई है। कार हिमाचल प्रदेश के नालागढ़ पते पर रजिस्टर्ड है। सिकंदर सहगल कपड़ा मार्केट में खरीदारी करने आए थे। उन्होंने बताया कि पार्किंग से गाड़ी निकालते समय कार अचानक बंद हो गई। उन्होंने दो-तीन बार स्टार्ट करने की कोशिश की। इसके बाद गाड़ी थोड़ी आगे बढ़ी तो पीछे की तरफ से स्पार्क हुआ और अचानक आग लग गई। सहगल के मुताबिक, आग लगते ही उन्होंने गाड़ी से बाहर निकलने की कोशिश की।



अंबाला। जली कार का दृश्य

डिफेंस कॉलोनी में बाइक पर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने रिहायशी भवन पर की फायरिंग

- खिड़कियों के शीशे तोड़ अंदर भी पहुंची गोली, बदमाश सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

थाना पंजोखरा साहिब क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-ए डिफेंस कॉलोनी में रात करीब 3 बजे दो बदमाशों ने एक घर पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलियां खिड़की के शीशे तोड़ते हुए कमरे की दीवार में जा घुसीं। इस फायरिंग में घर में सो रही बुजुर्ग महिला, उसकी बहू और 4 साल का पोता बाल-बाल बच गए। वारदात घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस को मौके पर 9 खोल मिले हैं।



अंबाला। घर पर फायरिंग करते बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद।

महिला राजिंद्र कौर ने बताया कि रात करीब 3 बजे उन्हें बाहर पटाखों की जैसी तेज आवाज सुनाई दी। जब उनकी बहू मिलनप्रीत ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की तो देखा कि काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने जेब से पिस्टल निकालकर सीधे गेट पर फायरिंग की और मौके से भाग निकले। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ हत्या के प्रयास की अलग-अलग गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। डिफेंस कॉलोनी में गोली चलने की वारदात के बाद पंजोखरा पुलिस सहित सीआईए की टीमों ने मौके का मुआयना किया। पुलिस ने घटनास्थल से गोली के 9 खोल बरामद किए हैं। इस वारदात के बाद से परिवार दहशत में है। कुछ गोलियां घर की बाहरी दीवार पर लगीं हैं। एक गोली का निशान घर के अंदर कमरे में भी है। परिजनों का कहना है कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। पुलिस अब इस वारदात के कारणों की जांच में जुट गई है।

अनियंत्रित कारें आपस में टकराई, आठ लोग जख्मी, एक की हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

यमुनानगर हाईवे पर एक सड़क हादसा हो गया। शहजादपुर के गांव पतरेहड़ी के पास फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन में जा पहुंची। कार ने सामने से आ रही दो गाड़ियों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 8 लोग घायल हो गए और दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहजादपुर पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को नागरिक अस्पताल सेक्टर-6 रेफर किया गया। हादसे में क्षतिग्रस्त शेवरले स्पार्क कार में सवार आशीष कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ बराड़ा के राजोखेड़ी से चंडीगढ़ जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार पतरेहड़ी फ्लाईओवर पर पहुंची तो सामने से तेज रफ्तार में आई स्विफ्ट कार डिवाइडर पार करके उनकी लेन में आ गई और उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी।



अंबाला। हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।

दिवाली की रात दो घटनाओं में महिला और युवक ने फंदा लगाकर दी जान

- चावला कॉलोनी में 27 वर्षीय पिंकी का शव कमरे में मिला, बापौली में पत्नी से विवाद के बाद 25 वर्षीय सुमित ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

दिवाली की रात जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला और एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पहली घटना चावला कॉलोनी की हैए जहां बिहार के कटिहार निवासी 27 वर्षीय पिंकी पत्नी मुन्ना का शव किराये के कमरे में फंदे पर लटका मिला। सुबह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर दूसरे किराएदार ने आवाज लगाई। जवाब नहीं मिलने पर मकान मालिक को सूचना दी गई। दरवाजे की कुंडी तोडक़र देखा तो महिला का शव फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। दूसरी घटना बापौली की हरिजन बस्ती की है जहां 25 वर्षीय सुमित ने पत्नी से विवाद के बाद फंदा लगाकर जान दे दी। सुमित निजी कंपनी में नौकरी करता था। परिजनों के अनुसार पति-पत्नी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था और पत्नी घर छोडक़र चली गई थी। दिवाली की रात भी दोनों के बीच फोन पर कहासुनी हुई थी। इसके बाद सुमित ने घर में फंदा लगा लिया।

नगरपालिका की सफाई व्यवस्था सवालों के घेरे में, कई जगह लगे गंदगी के अंबार

सफाई व्यवस्था के जिम्मेदार के दरवाजे पर कचरे का अंबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

प्रशासन की ओर से भले ही कस्बे में स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ-सफाई को लेकर दावे किए जाते हों लेकिन इन दावों की जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आती है। हैरानी की बात यह है कि पूरे कस्बे की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले नगर पालिका कार्यालय के ठीक सामने ही कूड़े-कचरे का ढेर लगा हुआ है। नगर पालिका कार्यालय के सामने सड़क किनारे बिखरे प्लास्टिक के थैले, पॉलीथिन, खाने-पीने की खाली पैकिंग और अन्य कचरा देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सफाई व्यवस्था किस स्थिति में है।



बराड़ा। नपा कार्यालय के बाहर फैला कचरा।

सफाई के दावों की खुली पोल

कार्यालय के मुख्य परिसर के सामने ही इस तरह गंदगी का फैलना नगर पालिका की निगरानी और नियमित सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।ऐसे में स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नगर पालिका कार्यालय के आसपास ही यदि नियमित रूप से सफाई नहीं हो पा रही है तो कस्बे के अन्य हिस्सों में सफाई व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। खुले में पड़ा कचरा न केवल शहर की सुंदरता को प्रभावित कर रहा है, बल्कि इससे दुर्गंध, मच्छरों और अन्य संक्रमण फैलने का खतरा भी बना रहता है।एक ओर जहां नपा द्वारा लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने के लिए जागरूक किया जाता है, वहीं नगर पालिका कार्यालय के सामने ही कचरे का ढेर व्यवस्था की गंभीरता पर सवाल खड़ा कर रहा है। ऐसे में लोगों का कहना है कि सफाई व्यवस्था को केवल अभियान और दावों तक सीमित रखने के बजाय नियमित निगरानी और कूड़ा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि कार्यालय के सामने जमा कचरे को तत्काल हटवाया जाए और पूरे कस्बे में सफाई व्यवस्था की समीक्षा की जाए। साथ ही नियमित कूड़ा उठान सुनिश्चित करने और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की गई है। अब देखना होगा कि नगर पालिका प्रशासन इस तस्वीर को गंभीरता से लेते हुए सफाई व्यवस्था में सुधार करता है या फिर कार्यालय के सामने लगा यह कूड़े का ढेर स्वच्छता के दावों की हकीकत बयां करता रहेगा।

खबर संक्षेप

शिविर में 140 मरीजों के नेत्र व दांतों की हुई जांच

यमुनानगर। जनसेवा कल्याण फाउंडेशन के तत्वावधान में सोमवार को शहर के हमीदा में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 140 लोगों व बच्चों के दांतो की जांच कर उन्हें निःशुल्क ब्रश व टूथपेस्ट और दवाइयां दी गई। शिविर का शुभारंभ फाउंडेशन के अध्यक्ष हरकेश गौतम ने किया। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. विवेक व डॉ. शालिनी ने अपनी टीम के साथ मरीजों के दांतों की जांच की। इस दौरान मरीजों को निःशुल्क दवाइयां तथा डेंटल किट वितरित की गई। फाउंडेशन के अध्यक्ष हरकेश गौतम ने बताया कि समाज कल्याण के लिए उनकी संस्था समय-समय पर इस प्रकार के शिविर आयोजित करती है। उन्होंने कहा कि गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति पैसों की कमी के कारण अस्पतालों में जाकर अपने दांतों का उपचार नहीं करवा पाता है। ऐसे लोगों के कल्याण के लिए उनका फाउंडेशन इस प्रकार के शिविरों का आयोजन कर रहा है।

चोरों ने दिनदहाड़े चुराई डेढ़ किलो चांदी

यमुनानगर। चोरों ने दिनदहाड़े बूडिया गेट पुलिस चौकी के नजदीक स्थित एक घर में घुसकर डेढ़ किलो चांदी, तीन तोले सोने के आभूषण व एक लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। घटना के समय महिला घर का गेट बंद कर बच्चों को स्कूल से लेने के लिए गई थी। करीब पौने घंटे बाद जब महिला वापस लौटी तो घर में सामान बिखरा मिला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


जानकारी के अनुसार बूडिया गेट जगाधरी निवासी नितिन अग्रवाल ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पांच नवंबर को दोपहर डेढ़ बजे उसकी पत्नी घर का गेट लगाकर स्कूल से बच्चों को लेने के लिए गई थी। करीब पौने घंटे बाद जब उसकी पत्नी बच्चों को लेकर घर वापस लौटी तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से करीब डेढ़ किलो चांदी, तीन तोले सोने के आभूषण गया मिले। इसके साथ ही घर से करीब एक लाख रुपये की नकदी व अन्य सामान गायब मिला। जिसकी कीमत करीब चार लाख 75 हजार रुपये है।

खैर तस्करों ने सात पेड़ काटकर किए चोरी

यमुनानगर। व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव राजपुर में खैर तस्करों ने खैर के सात पेड़ काटकर चोरी कर लिए। चोरी हुए खैर के पेड़ों की कीमत करीब 25 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बोम्बेपुर निवासी जंगशेर ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव राजपुरा के जंगल में खैर के पेड़ लगे हुए हैं। उसे सूचना मिली थी कि चोरों ने जंगल से खैर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान जंगल से सात खैर के पेड़ कटे मिले। जिनकी बाजार में कीमत करीब 25 हजार रुपये है। उसने खैर के पेड़ चोरी होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जिले भर में धूमधाम से मनाया अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व दीपावली त्योहार

दीपों से रोशन हुए घर, खूब चली आतिशबाजी दिनभर चलता रहा उपहार भेंट करने का दौर



यमुनानगर। व्यासपुर में दीपावली पर्व आकर्षक रुप से सजाया गुरुद्वारा साहिब। फोटो : हरिभूमि



यमुनानगर। दीपावली के मौके पर अतिशबाजी करते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि



ग्रीन पटाखे चलाकर लोगों ने मनाया खुशी का जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हिंदूओं के पवित्र एवं अधर्म पर धर्म की जीत के प्रतीक दीपो का त्योहार दीपावली पर्व जिलेभर में उत्साह, हर्षोल्लास व धूमधाम से मनया गया। बच्चों ने जहां इस दिन जमकर आतिशबाजी की और ग्रीन पटाखे चलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं, लोगों ने इस बार मिठाइयां कम खरीदी और ड्राइफ्रूट के साथ अन्य उपहार खरीदकर अपने परिचितों, दोस्तों व रिश्तेदारों को उपहार भेंटकर दीपावली पर्व की शुभकॉमनाएं दी। खास बात यह रही कि दीपावली पर्व पर पूरा दिन बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की। हालांकि इस बार दीपो के पर्व पर लोगों ने मिठाइयां कम खरीदी और अन्य गिफ्ट खरीदकर अपने रिश्तेदारों व दोस्तों को भेंट किए। वहीं, रात के समय लोगों ने आतिशबाजी और ग्रीन पटाखे चलाकर जश्न मनाया।

ग्रीन पटाखों व आतिशबाजी चलाकर मनाया जश्न

दीपावली पर्व पर बड़े पटाखों की बिक्री और चलाने पर प्रतिबंध होने से लोगों ने आतिशबाजी और ग्रीन पटाखे चलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। कुछ लोगों ने रात्रि के समय बड़े पटाखों को चलाकर लोगों की शांति में खलल डालने और प्रशासन के आदेशों की उल्लंघना करने का कार्य किया। लोग देर रात तक ग्रीन पटाखे और आतिशबाजी चलाकर दीपावली की खुशी मनाते रहे। इस बार खास बात यह रही कि जिले भर में पुलिस की गश्त तेज रही।

सीमा पर तैनात वीर जवानों की खुशहाली की कामना

दीपावली पर्व पर लोगों ने अपने मकानों की मुंडेरों व छत पर दीप जलाकर अपने घरों को रोशन किया। जिले भर में रविवार को रात्रि के समय ग्रामीण इलाकों व शहरी इलाकों में लोगों ने खूब दीप जलाए। खास बात यह रही कि इस बार अयोध्या में पिछले सालों की अपेक्षा अधिक दीप जलाए जाने से प्रेरित होकर अधिकांश लोगों ने अपने घरों पर सैंकड़ो की संख्या में दीप जलाकर सीमा पर तैनात वीर जवानों व देश की खुशहाली के लिए मंगलकामना की।

बाजारों में खूब रही चहल पहल

दीपावली पर्व पर बाजारों में लोगों की खूब चहल पहल रही। लोगों ने अपने सगे संबंधियों तथा रिश्तेदारों के लिए उपहार और ड्राईफ्रूट खीरदे। बाजारों में खरीदारी करने आए लोगों को जाम से भी जुझना पड़ा। डेकोरेशन, आतिशबाजी, बेहरी, ड्राईफ्रूट की दुकानों में अधिक भीड़ रही। मिलावटी मावे के डर से लोगों ने मिठाई कुछ कम खरीदी। मिठाईयों की जगह इस बार ड्राई फूरट और गिफ्टों की बिक्री कुछ ज्यादा ही हुई। शहर के माडल टाउन निवासी मनीष मलिक, महावीर सिंह, कुलबीर सिंह, विजय पाल,

उपायुक्त ने जिलावासियों को दी दीपावली की बधाई

जिले में दीपावली पर्व पर गुरुद्वारों व मंदिरों को आकर्षक रुप से सजाया गया। दीपावली की रात्रि के समय शहर हो या फिर ग्रामीण इलाका चारों तरफ आकर्षक दीपों, मोमबत्तियों व रंग बिरंगी लड़ियों से सजे घरों ने लोगों को खूब मंत्रमुग्ध किया। उपायुक्त प्रीति व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने दीपावली पर्व के शांतिपूर्वक संपन्न होने पर जिलेवासियों को बधाई दी। उन्होंने अन्नकूट व विश्वकर्मा पर्व की भी लोगों को शुभकामनाएं दी।

हलवाइयों के चेहरे से रौनक गायब नजर आई

जिले के व्यसपुर, जठलाना, छछरौली, प्रतापनगर, सरस्वती नगर व रादौर के ग्रामीण व शहरी इलाकों में दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र में हर धर्म के लोगों ने दीपावली पर्व पर एक दूसरे को बधाई दी। इस बार दीपावली पर मिठाई कम बिकने से हलवाइयों के चेहरे पर रौनक गायब नजर आई। दीपावली पर्व पर मिलावटी मावे के भय से लोगों ने इस बार मिठाई खरीदने पर बहुत कम जोर दिया। अधिकतर लोगों ने ड्राई फूड, बिस्कूट, क्राकरी का सामान व अन्य तोहफों के लेने व देने पर जोर दिया।

सेवादारों ने ईंट भट्टा के प्रवासी मजदूरों के बच्चों के साथ मनाया दीपावली पर्व



रादौर। डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने दीपावली पर्व पर रादौर क्षेत्र के ईंट भट्टा पर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों के बच्चों को पटाखे, मिठाई व अन्य वस्तुएं भेंटकर त्योहार को मनाया। इस दौरान प्रवासी मजदूरों को भी मिठाई बांटकर उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। सेवादार सतीश इंसा व जसवंत इंसा ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों की ओर से दीपावली का पर्व ईंट भट्टे पर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों के बच्चों के साथ मनाया गया। इस दौरान सेवादारों ने बच्चों को मिठाई बांटी व जरूरतमंद बच्चों को जूते पहनाए। जिससे सर्दी से उनको राहत मिल सके। सेवादार तनुज इन्सां, लवली इन्सां, एलव इन्सां, साहिल इन्सां, जसवंत इंसा, वन इन्सां, अक्षित इन्सां, अमित इंसा व लक्की आदि ने बताया ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में अच्छा काम किया जा रहा है।

अयोध्यावासियों ने किया था दीप जलाकर भगवान श्रीराम का स्वागत : जिंदल

■ सांसद नवीन जिंदल ने दीपावली की प्रदेशवासियों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



सांसद नवीन जिंदल।

भगवान श्रीराम ने वनवास के दौरान असत्य पर विजय प्राप्त की। इसके बाद भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने पर नगरवासियों ने उनका दीपोत्सव करके स्वागत किया। दीपावली पर्व अधर्म पर धर्म की जीत और खुशियों को पर्व है। उक्त शब्द सांसद नवीन जिंदल ने दीपावली की देश व प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहे। सांसद नवीन जिंदल ने सभी के लिए सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दीपावली भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के बाद रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटने की स्मृति में मनाई जाती है। अयोध्यावासियों ने घर घर दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। यह पर्व हमें संदेश देता है कि सत्य और मर्यादा का मार्ग कितना भी कठिन क्यों न हो। अंत में विजय सत्य की ही होती है। सांसद ने सभी से आह्वान किया कि इस दीपावली अपने घर के साथ किसी जरूरतमंद के घर में भी खुशियों का दीप जलाएं और किसी एक जरूरतमंद परिवार की सहायता अवश्य करें। ताकि उनकी दीपावली भी खुशहाल बन सके। उन्होंने प्लांट, फैक्ट्रियों, अस्पतालों, सड़कों और देश की सीमाओं पर दीपावली के दिन भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे कर्मचारियों, स्वास्थ्य कर्मियों और वीर जवानों को विशेष नमन किया। उन्होंने कहा कि इन कर्मयोगियों के समर्पण के कारण ही देशवासी सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मना पाते हैं।

पुण्य कर्मों के महत्व को समझाया

यमुनानगर। कार्तिक माह के अवसर पर जगाधरी में चल रही कार्तिक कथा यज्ञ में तीसरे दिन सोमवार को कथाव्यास स्वामी श्रवेश्वर महाराज ने मनुष्य के पुण्य कर्मों के महत्व को समझाया। उन्होंने फरमाया कि पुण्य कर्म करने से मनुष्य सद्गति को प्राप्त करता है। महाराज ने फरमाया कि कार्तिक माह एक ऐसा पुण्य कर्म करने लिए माह है। जिसमें मनुष्य पुण्य कर्म करने से सदगति को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि सूर्य वंश में राजा हरिश्चंद्र ने विपत्तियों को सहते हुए भी सत्य की पालना की। इसलिए मनुष्य को भी हर विपत्ति का सामना करते हुए सत्य को नहीं छोड़ना चाहिए। कथाव्यास स्वामी रामनाथ महाराज बताया कि कार्तिक माह में कार्तिक भगवान का गुणगान करना उनकी अराधना करना फलदायी है। कार्तिक भगवान शिव के अंश मात्र ही नहीं थे, बल्कि उन्होंने सृष्टि की रक्षा के लिए अवतार लिया। मौके पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।



जगाधरी। कथा में प्रवचन सुनते श्रद्धालु।

हर्षोल्लास से मनाया अन्नकूट पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गोवर्धन पूजा व अन्नकुट पर्व सोमवार शाम को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। शाम के वक्त लोगों ने अपने-अपने घरों में गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजा अर्चना की और प्रशाद ग्रहण किया।

गोबर के उपलों से बनाया गोवर्धन पर्वत

गोवर्धन पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं ने सोमवार को गाय के गोबर से उपले बनाकर गोवर्धन पर्वत बनाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गोवर्धन पर्वत को फूलों से सजाकर पूजा अर्चना की। प्राचीन शिव मंदिर के पुजारी पंडित पुरुषोत्तम दास शर्मा ने बताया कि इंद्र के घमंड को चूर करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को तर्जनी पर सात दिन तक उठाए रखा था। उसके बाद गवाल बाल की तरफ से भगवान श्री कृष्ण को 56 भोग का आयोजन करवाया गया। तब से अन्नकुट का दिवस मनाया जाता है। इस पर्व पर गोवर्धन की पूजा करने से परिवार में सुख शांति का वास होता है और भगवान श्रीकृष्ण की अटूट कृपा प्राप्त होती है।



यमुनानगर। गोवर्धन की पूजा करते श्रद्धालु।

शहीदी दिवस पर भाई अमित दास को किया याद

■ मोहयाल सभा यमुनानगर में शहीद भाई अमित दास जी का मोहयाल भवन में श्रद्धापूर्वक मनाया शहीदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



मोहयाल सभा यमुनानगर द्वारा शहीद भाई अमित दास जी का मोहयाल भवन में शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभा के संरक्षक विकास छिब्बर ने गणमान्य के साथ शहीत भाई अमित दास के चित्र पर फूलमालाएं अर्पित करके किया।

सभा के संरक्षक विकास छिब्बर ने बताया कि औरंगजेब के आदेश पर 9 नवंबर 1675 को चांदनी चौक दिल्ली में भाई मति दास जी को आरे से दो हिस्सों में चीर कर शहीद कर दिया गया था। भाई मति दास जी का बलिदान शारीरिक नश्वरता पर आत्मिक अमरता की विजय का अप्रतिम उदाहरण है। उन्होंने सिद्ध किया कि सिद्धांत, स्वाभिमान और सत्य की रक्षा के लिए प्राणों का मोह त्यागकर धर्म की वेदी पर शीश नवा देना ही सच्ची वीरता है। मोहयाल सभा अपने इस महान पूर्वज और राष्ट्र के अमर बलिदानी के चरणों में कोटि कोटि नमन और अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

धर्म की रक्षा के लिए आरे से चिरवाया जाना स्वीकार किया

संरक्षक विकास छिब्बर ने कहा कि भाई मति दास जी ने धर्म की रक्षा के लिए आरे से चिरवाया जाना स्वीकार किया। लेकिन मुगल शासक के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया। उनका बलिदान केवल मोहयाल समाज का ही नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र का गौरव है। भाई मति दास जी सिख इतिहास के महान शहीदों में से एक हैं। वे नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के परम प्रिय शिष्य थे। उन्होंने कहा कि भाई मति दास जी का जन्म सन 1640 ई में पाकिस्तान के करियाला में हुआ था। वे मोहयाल ब्राह्मण छिब्बर जाति से थे। उनके पिता का नाम भाई हीरा मल जी था और माता का नाम माता वीरों जी था। उन्होंने कहा कि वे सिख समाज के वीर योद्धा बाबा परागा जी के परपोते थे। उनके छोटे भाई का नाम भाई सति दास जी था और भाई दयाला जी उनके साथ ही गुरु घर के सेवक थे। मोहयाल कीमती प्रकाश छिब्बर व सुभाष छिब्बर ने बताया कि जब कश्मीरी पंडितों पर औरंगजेब का अत्याचार बढ़ा तो गुरु साहिब ने उनकी रक्षा के लिए दिल्ली जाने का फैसला किया।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने जगाधरी में करवाया संत संकीर्तन

अंत:करण की ज्योति से ही मिटेगा मन और जीवन का अंधकार: भारती

भारतीय संस्कृति में मनाए जाने वाले पर्वों एवं त्योहारों का साध संगत को बताया आध्यात्मिक महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर





यमुनानगर। संत संकीर्तन कार्यक्रम में त्योहारों का महत्व बताते साध्वी भारती व श्रवण करते हुए साध संगत।।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर जगाधरी के श्री हनुमान गेट के नजदीक आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने भारतीय संस्कृति में मनाए जाने वाले पर्वों एवं त्योहारों के महत्व के बारे में साध संगत को समझाया। इस दौरान आश्रम में दीप जलाए गए और सुंदर रंगोली बनाई गई। मौके पर साध्वी बहनों ने सुंदर भजनों का गायन किया।

साध्वी सुश्री सिद्धेश्वरी भारती ने फरमाया कि भारतीय संस्कृति में मनाए जाने वाले पर्वों एवं त्योहारों का गहरा महत्व है। उन्होने कहा कि पर्व केवल परंपरा निभाने या उत्सव मनाने का माध्यम नहीं हैं। बल्कि हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश देते हैं।

समय रहते जागृत हो जाएं

दीपावली पर जिस प्रकार हम दीप प्रज्जवलित करके बाहरी अंधकार को दूर करते हैं। उसी प्रकार जब सद्गुरू की कृपा से ब्रह्मज्ञान की दिव्य ज्योति हमारे अंत:करण में प्रकट होती है। तभी हमारे मन में व्याप्त अज्ञानता एवं विकारों रूपी अंधकार का नाश होता है। वास्तविक दीपावली तो तभी सार्थक होती है। जब ज्ञान का प्रकाश हमारे विचारों, व्यवहार और संपूर्ण जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। अंत:करण में प्रज्जवलित यही ज्ञान ज्योति मनुष्य के जीवन को प्रकाशमय बनाने का आधार बनती है। जब मनुष्य का अंत: करण विकार मुक्त होता है तो वह केवल अपने जीवन को ही सद्गुणों से प्रकाशित नहीं करता है। बल्कि अपने संपर्क में आने वाले व्यक्तियों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। ऐसा साधक देवतुल्य होकर इस संसार में नि:स्वार्थ भाव से परोपकार एवं जन कल्याण के कार्य में अपना जीवन समर्पित कर देता है। साध्वी ने प्रखर वाणी में उद्घोष करते हुए कहा कि हम भी समय रहते जागृत हो जाएं और पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ गुरु की शरण में जाकर ब्रह्मज्ञान रूपी ज्योति से अपने जीवन को प्रकाशित करें। अन्यथा हमारा जीवन केवल बाहरी सजावट और पटाखों के शोर में ही ना खो जाए और हमारे पास इस समाज और अपनी भावी पीढ़ी को प्रदान करने के लिए कुछ भी शेष न रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी साध संगत ने विश्व शांति की मंगलकामना हेतु आश्रम में दीप प्रज्जवलित किए तथा सामूहिक ध्यान साधना में योगदान दिया।

पौधारोपण कर दिया स्वच्छता का संदेश

रादौर। वेलफेयर एसोसिएशन रादौर द्वारा दीपावली पर्व पर कस्बा के महाराजा अग्रसेन पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के प्रधान भगवत दयाल कटारिया ने पौधा रोपण करके किया। एसोसिएशन के प्रधान भगवतदयाल कटारिया ने बताया कि पौधारोपण समय की मांग है। पौधे हमारे जीवन को हर रोज प्रभावित करते हैं। पौधे लगाने से वातावरण हराभरा तो होता ही है। इसके साथ साथ पौधे हमे अनेक बीमारियों से भी बचाते हैं। सभी को अपने अपने अच्छे पलो पर पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर मुकेश अरोड़ा मक्की, दिनेश मानए व कृष्ण मक्कड आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौर में पौधरोपण करते हुए एसोसिएशन के सदस्य।

खबर संक्षेप

जयराम विद्यापीठ में आज होगी गोवर्धन पूजा

कुरुक्षेत्र। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा और अन्नकूट भंडारे का विशेष महत्व होता है। देश के विभिन्न राज्यों में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ब्रह्मसरोवर के तट पर श्री जयराम विद्यापीठ के अन्नपूर्णा हाल में 10 नवम्बर को आस्था और श्रद्धा के साथ अन्नकूट पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी ने बताया कि विद्वान ब्राह्मणों एवं ब्रह्मचारियों द्वारा 10 नवम्बर को विधिवत पूजन के उपरांत भंडारा प्रारम्भ किया गया।

12 को होगा जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम

थानेसर। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि बच्चों को कुपोषण एवं एनीमिया से बचाव के लिए आगामी 12 नवंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीमों की देखरेख में खिलाई जाएंगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला के सभी सरकारी स्कूल, गैर सरकारी स्कूल, आईटीआई, सभी आंगनवाड़ी केंद्र सहित सभी मुख्य स्थानों पर बच्चों को यह दवाई निःशुल्क खिलाई जाएगी। उपायुक्त ने डीडीपीओ को निर्देश दिए कि बीडीपीओ के माध्यम से गांव में मुनादी करवाई जाए तथा सरपंच की उपस्थिति में सरकारी स्कूलों में यह गोली खिलाई जाए।

सफाई कर्मचारियों के साथ मनाई दीपावली

करनाल। सेक्टर-4 में दीपावली महोत्सव हर्षोल्लास और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाया गया। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से स्वच्छता व्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर मिठाई वितरित की गई। एसोसिएशन अध्यक्ष जे.के. शर्मा की मुख्य भूमिका रही, जबकि हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन आजाद सिंह भी मौजूद रहे। आजाद सिंह ने कहा कि दीपावली खुशियों, रोशनी, प्रेम और भाईचारे का पर्व है। इसकी सार्थकता तभी है, जब समाज का प्रत्येक वर्ग उत्सव की खुशियों में शामिल हो।

त्योहारों का जरूरी सामान मिनटों में मिलेगा

करनाल। दीपावली की खरीदारी को आसान बनाने के लिए अमेजन नाउ ने धनतेरस से भाई दूज तक जरूरी सामान मिनटों में उपलब्ध कराने की सुविधा शुरू की है। कंपनी के अनुसार यह सेवा 120 से अधिक शहरों में उपलब्ध है। ग्राहक दीये, सजावटी लाइटें, पूजा सामग्री, झाड़ू, लक्ष्मी-गणेश एवं कुबेर की मूर्तियां, रंगोली सामग्री, मिठाई, चॉकलेट और उपहार पैक मंगवा सकते हैं। कुछ उत्पादों पर 70 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है और दीपावली के सौदे 9 रुपये से शुरू हैं। विभिन्न बैंकों के क्रेडिट कार्ड पर तत्काल छूट और कैशबैक का लाभ भी मिलेगा।

लोगों ने मिठाइयां और उपहार बांटकर एक-दूसरे को दीं शुभकामनाएं

दीपों की रोशनी से जगमगाए घर व बाजार, धूमधाम से मनाई दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

दीपावली का पर्व धर्मनगरी पिहोवा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। घरों में दीपों की रोशनी से रौनक छाई रही तो बाजार भी देर रात तक जगमगाते रहे। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाइयां और उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा खुशियां साझा कीं। शाम होते ही घरों और मंदिरों में पूजा-अर्चना व आरती का सिलसिला शुरू हो गया। बच्चों से लेकर बड़ों तक में आतिशबाजी को लेकर उत्साह दिखाई दिया। वहीं, दीपावली की रात पटाखों और मिठाइयों की पैकिंग से शहर की सड़कों व गलियों में कचरा जमा हो गया। सुबह होते ही नगर पालिका के सफाई कर्मचारी सफाई व्यवस्था में जुट गए। नागरिकों ने भी अपने घरों के बाहर जमा कचरे का उचित निपटान कर स्वच्छता में सहयोग दिया। डॉ. अवनीत वड़ैच, पूर्व नपा प्रधान अशोक सिंगला, डॉ. राजेंद्र मंगला, जितेंद्र बंसल टोमी, समाजसेवी विपिन काहड़ा, वीरभान सिंगला नंबरदार, डॉ. विक्रम ठाकुर और समाजसेवी अवतार वालिया ने कहा कि दीपावली प्रेम, एकता और सेवा भावना का संदेश देने वाला पर्व है। यह पर्व हमें जीवन से अंधकार दूर कर खुशियों का प्रकाश फैलाने की प्रेरणा देता है। दीपावली के बाद मंगलवार को मनाई जाने वाली गोवर्धन पूजा को लेकर भी मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर के विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट के आयोजन होंगे, जहां भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। नीलिमा चक्रपाणि, सरोज गुप्ता, निधि शर्मा आदि श्रद्धालुओं के अनुसार गोवर्धन पूजा प्रकृति, गौवंश और पर्यावरण के प्रति सम्मान का संदेश देने वाला पर्व है।



पिहोवा। श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर में दीपों से जगमग शिवलिंग का विहंगम दृश्य। फोटो : हरिभूमि

दीपोत्सव भारतीय संस्कृति के चित्त एवं चिंतन की दिव्य स्मृति : डॉ. मिश्र



कुरुक्षेत्र। दीपावली भारतीय संस्कृति का वह अनमोल रत्न है जिसमें इतिहास, धर्म, अध्यात्म, अर्थशास्त्र और सामाजिक सौहार्द एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। श्रीराम की मर्यादा, माता लक्ष्मी का विवेकपूर्ण आशीर्वाद, भगवान महावीर का संयम और गुरु हरगोबिंद जी का स्वतंत्रता का संदेश सहित विभिन्न मानवीय जीवन मूल्यों को समर्पित इस पर्व का मूल उद्देश्य मनुष्य को बेहतर और संवेदनशील इंसान बनाना है। यह विचार दीपोत्सव के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा दीपोत्सव की वर्तमान भारत में प्रासंगिकता विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के तृतीय दिवस मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, श्री कृष्ण एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा दीपोत्सव भारतीय चित्त एवं चिंतन की दिव्य स्मृति है। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं व्यवसायी मनोज वर्मा , समाजसेवी एवं व्यवसायी पवन छाबड़ा, प्रवासी भारतीय सुरेंद्र महाजन एवं समाजसेवी गुलाब सिंह बतौर अति विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे और दीपावली के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में भागवत स्वरूप, सुरेंद्र कुमार, मोना छाबड़ा, दया रानी, शिवानी वर्मा, प्रियम वर्मा, चिराग, समर, प्रतिज्ञा, प्रियांश सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

प्रेरणा वृद्धाश्रम में हर्षोल्लास से मनाया दीपोत्सव



कुरुक्षेत्र। प्रेरणा वृद्धाश्रम में हर वर्ष की भांति बड़े हर्षोल्लास के साथ दीपावली का त्यौहार दीपोत्सव 2026 मनाया गया। वृद्धाश्रम में दीपावली के अवसर पर जगमगाते दीयों को देखकर बुजुर्गों के चेहरे की रौनक देखते ही बनती थी। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि प्रत्येक त्यौहार की तरह दीपावली का उत्सव भी प्रेरणा वृद्धाश्रम में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़े-बड़े थालों में दीपक सजाकर प्रभु श्री राम व लक्ष्मी माता की आराधना की गई। दीपावली के इस शुभ अवसर पर भोपाल से एक युवा दंपति मयंक अग्रवाल और सिमोना अग्रवाल विशेष तौर पर अपनी खुशियां बुजुर्गों के साथ सांझा करने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे। वैटरन एयर फोर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी कर्मवीर सिंह भी प्रेरणा संस्था सदस्यों के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने अपने सैनिक जीवन के कई रोचक किस्से सुनाए। इस अवसर पर कर्मवीर सिंह, डा. सुमन सांगवान, विश्वजीत सांगवान, संगीता सिंह, एन.आई.टी. से प्रोफेसर के.के. सिंह, प्रेरणा द्वारा संचालित स्कूल के सभी बच्चे, किरण गर्ग,सुरेखा, हरकेश पपोसा, आशा सिंगला, राजकुमारी पवार, अन्नपूर्णा शर्मा, बिमल विनोद वशिष्ट एवं प्रेरणा वृद्ध आश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्ग मौजूद रहे।

गुरु सानिध्य में दीपों से जगमगाया धाम

कुरुक्षेत्र। समर्थगुरु धारा हिमाचल प्रदेश के स्टेट कोऑर्डिनेटर आचार्य कुंजबिहारी और समर्थगुरु धारा हिमाचल प्रदेश के शिक्षा कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धाम, मुरथल के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में समर्थगुरु धाम, मुरथल में प्रेम और श्रद्धा के साथ दीपावली का पावन उत्सव सभी साधकों ने बहुत सुंदर उमंग और उत्साह के साथ मनाया। दीवाली के शुभ अवसर पर समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा एक विशेष ऑनलाइन 'लक्ष्मी-विष्णु दरबार' आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को स्वास्थ्य, समृद्धि और शक्तिपात का लाभ मिला। इस कार्यक्रम में 444 प्रतिभागियों पर दिव्य कृपा बरसी। ट्विटर के माध्यम से समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने बताया कि जो सौभाग्यशाली लोग होते हैं, उन्हीं को पूरा गुरु मिलता है। वह क्या करता है? वह तुम्हारे मन में ज्ञान का प्रकाश भर देता है। पूरे गुरु के अतिरिक्त कोई भी तुमको परमात्मा की मंजिल पर नहीं ले जा सकता। गुरुचरणों में आश्रय लो और निर्भय हो जाओ।



भाई दूज भाई-बहन के अटूट प्रेम का पावन पर्व : आचार्य डॉ. सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश, ज्योतिषाचार्य एवं वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाने वाला भाई दूज का पावन पर्व इस वर्ष 11 नवंबर, बुधवार को श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस पर्व को यम द्वितीया और भ्रातृ द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह, विश्वास और पारिवारिक संस्कारों का प्रतीक है। इसी दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर गए थे। यमुना जी ने उनका तिलक कर स्वागत किया तथा भोजन कराया। बहन के प्रेम और सत्कार से प्रसन्न होकर यमराज ने उन्हें वरदान दिया। तभी से भाई दूज पर बहन द्वारा भाई के मस्तक पर तिलक लगाने की परंपरा प्रचलित हुई। डॉ. मिश्रा के अनुसार इस दिन बहनें प्रातः स्नान के पश्चात पूजा की थाली में रोली, अक्षत, दीपक, पुष्प एवं मिठाई रखकर भाई का तिलक करें तथा आरती उतारकर उसके सुखी, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की प्रार्थना करें।

ये रहेगा शुभ मुहूर्त



पंचांग गणना के अनुसार 11 नवंबर को अपराह्न में तिलक का शुभ समय लगभग दोपहर 1:10 बजे से 3:20 बजे तक रहेगा। द्वितीया तिथि 10 नवंबर को दोपहर 2 बजे प्रारंभ होकर 11 नवंबर को दोपहर 3:53 बजे तक रहेगी।

भाई दूज पूजन तिलक विधि

वास्तु शास्त्र अनुसार सही दिशा से दशा बदलती है।भाई दूज के दिन बहनें उत्तर-पूर्व दिशा की ओर मुंह करके भाईयों का तिलक लगाएं। तिलक लगाने के बाद उन्हें कुछ मीठा खिलाएं उसके बाद भाई को नारियल और चावल दें। फिर भाई की आरती करते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना करें। इस दिन भाईयों को अपनी बहनों को अपनी शक्ति और सामर्थ्य अनुसार उपहार भी देना चाहिए इससे आपकी बुद्धि विकसित होगी और बुध ग्रह की कृपा से शुभ लाभ के अवसर मिलेंगे। भाई दूज केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में रिश्तों की पवित्रता, पारिवारिक एकता और प्रेम को मजबूत करने का संदेश देने वाला पर्व है।

सोमवती अमावस्या पर ब्रह्मसरोवर पर उमड़ा आस्था का सैलाब

- ब्रह्ममुहूर्त से शुरू हुआ स्नान का सिलसिला, पितरों की शांति के लिए श्रद्धालुओं ने किया तर्पण व पिंडदान

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर के तट पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही ब्रह्मसरोवर में पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने सरोवर में आस्था की डुबकी लगाई और अपने पितरों की आत्मिक शांति एवं मोक्ष की कामना के साथ तर्पण व पिंडदान किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या पर पवित्र सरोवरों में स्नान, दान और पितरों के निमित्त पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। इसी आस्था के चलते श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद घाटों पर बैठे तीर्थ पुरोहितों से विधि-विधान के साथ पूजा करवाई। मंत्रोच्चार के बीच सूर्यदेव और पितरों को जल अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की शांति के लिए तर्पण और पिंडदान करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सोमवती अमावस्या के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के घाटों पर साधु-संतों और महात्माओं की भी अच्छी खासी मौजूदगी रही। उनके सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान और मंत्रोच्चार से सरोवर परिसर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं, घाटों पर भजन-कीर्तन और दान-पुण्य का सिलसिला भी जारी रहा। श्रद्धालुओं ने जरूरतमंदों को दान देकर पुण्य अर्जित किया। पूरे दिन ब्रह्मसरोवर पर धार्मिक गतिविधियों का दौर चलता रहा और धर्मनगरी का वातावरण आस्था के रंग में रंगा नजर आया।



कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर में स्नान करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

ज्ञान और संस्कारों के दीप जलाकर जीवन को रोशन करें : सरोज बहन



कुरुक्षेत्र। ब्रह्माकुमारीज :विश्व शांति धाम सेवा केंद्र में दीपावली का पावन पर्व उमंग, उत्साह और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे परिसर में उत्सव की रौनक देखने को मिली। कार्यक्रम का मंच संचालन बीके निशा बहन ने किया और सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। केंद्र इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली केवल घरों में दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि अपने अंदर ज्ञान, गुणों और श्रेष्ठ संस्कारों का प्रकाश जगाने का अवसर है। जिस प्रकार दीपक स्वयं प्रकाशित होकर दूसरों को प्रकाश देता है, उसी प्रकार हमें अपने जीवन में श्रेष्ठ गुण धारण कर दूसरों के जीवन में भी खुशियों का प्रकाश फैलाना चाहिए। सच्ची दीपावली तभी है, जब हम क्रोध, अहंकार और ईर्ष्या जैसे विकारों को त्यागकर प्रेम, शांति और सद्भावना को अपनाएं। समारोह में सभी समर्पित बहनों को सम्मानित किया गया। साथ ही बीके बहन-भाइयों को मुकुट पहनाकर एवं मोमबत्ती भेंट कर उनके सेवाभाव, समर्पण और आध्यात्मिक निष्ठा के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

नशीला पदार्थ रखने का आरोपी पकड़ा, 1.5 लाख का चिट्टा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थाना केयूके की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी सावन कुमार वासी खासपुर जिला कुरूक्षेत्र को गिरफतार करके करीब 1.5 लाख कीमत की 7 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी थर्ड गेट प्रभारी पीएसआई सतीश कुमार के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार, मुख्य सिपाही जितेन्द्र, राजबीर व होम गार्ड कृष्ण की टीम पुलिस चौकी थर्ड गेट के बाहर मौजूद थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि सावन कुमार वासी खासपुर जिला कुरूक्षेत्र हैरोईन/चिट्टा बेचने का काम करता है। सावन कुमार हैरोईन/चिट्टा अपने मोटरसाईकिल के टूल बॉक्श व अन्य जगह पर छिपाकर लाता है। आज भी वह मोटरसाईकिल नम्बर एचआर-07-डब्लू-8144 पर कैथल की तरफ से मिजार्पुर होता हुआ ढांड रोड पर थर्ड गेट से होता हुआ अपने गांव जाऐगा। यदि नाकाबंदी करके सावन कुमार को काबू करके उसके मोटरसाईकिल की तलाशी ली जाऐ तो उससे हैरोईन/चिट्टा बरामद हो सकता है।



ज्योति दरबार में दीपावली अनुष्ठान का हवन में पूणार्हुति के साथ आज होगा समापन

कुरुक्षेत्र। जग ज्योति दरबार में सर्व कल्याण की कामना से किए जा रहे 7 दिवसीय विशेष दीपावली अनुष्ठान का 10 नवम्बर को समापन होगा। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि जग ज्योति दरबार में चल रहे दीपावली अनुष्ठान का हवन में पूणार्हुति के साथ समापन होगा। उन्होंने बताया कि दीपावली उत्सव के चलते यह विशेष अनुष्ठान प्रारम्भ हुआ था। दीपावली अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं को पूजन में शामिल होना शुभ माना गया है। इस अनुष्ठान में मनोकामना के लिए दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि दीपावली विशेष अनुष्ठान का समापन गोवर्धन पूजा के दिन हो रहा है। जग ज्योति दरबार में हर साल दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज के त्यौहारों को दीपावली अनुष्ठान के चलते भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाता है। दीपावली विशेष अनुष्ठान में महंत राजेंद्र पुरी द्वारा विशेष प्रार्थनाएं और हवन अनुष्ठान किए जाते हैं। 7 दिन तक चले अनुष्ठान का हवन पूणार्हुति के साथ समापन होता है, जिसके बाद श्रद्धालुओं को भंडारा व प्रसाद वितरित किया जाता है। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि यह अनुष्ठान देश की समृद्धि और सर्व जन कल्याण की कामना के लिए किया गया। जग ज्योति दरबार में श्रद्धालु नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। इस अवसर पर सुनील कुमार, मनोज भारद्वाज, जगदीश चंद, हरदीप सिंह, कन्हैया लाल, अनुष्का वर्मा, दीप्ति वर्मा, नरेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, काम्या देवी, कुसुम लता, आशा देवी, सुमन बाला, श्रेया, सृष्टि, देवेंद्र कुमार, मनप्रीत सिंह, अक्षय राठी, विजय राठी व अजय राठी इत्यादि भी मौजूद रहे।



महंत राजेंद्र पुरी।

पिपली में 12 नवंबर से बहेगी शिव कथा की अमृत रसधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी में आयोजित होने जारही श्री शिव महापुराण कथा क्षेत्र में सुख, समृद्धि और आध्यात्मिक चेतना का संचार करेगी। यह बात कार्यक्रम के आयोजक पंच कैलाशी प्रदीप कुमार सैनी ने आयोजन की तैयारियों की जानकारी देते हुए कही। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सपरिवार इस अनुष्ठान में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया। लाडवा रोड, पिपली स्थित श्रीकैलाश धाम शिव दुर्गा मंदिर में यह 7 दिवसीय पावन अनुष्ठान 12 से 19 नवंबर तक श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न होगा। आयोजन का दायित्व श्री शिव दुर्गा मंदिर कमेटी एवं महिला मंडल द्वारा संभाला जा रहा है। कथा का शुभारंभ 12 नवंबर को सुबह 10:00 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ होगा। इसके बाद प्रतिदिन दोपहर 3:00 से सायं 7:00 बजे तक श्रद्धालु कथा का श्रवण कर सकेंगे। कथा का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी करेंगी। अनुष्ठान में वृंदावन धाम से पधारे परम श्रद्धेय ब्रह्म शंकर पराशर जी महाराज अपने मुखारविंद से भगवान शिव की लीलाओं और अध्यात्म की अमृत वर्षा करेंगे।



खेल संजय गांधी मेमोरियल स्कूल के खेल मैदान में फुटबॉल के मुकाबले होंगे

खेल स्टेडियम धनौरा जाटान में वॉलीबॉल, एथलेटिक्स व जूडो की प्रतियोगिताएं होंगी

लाडवा विधानसभा में 11 से शुरू होगा सांसद खेल महोत्सव, चार स्थानों पर होंगी प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे सांसद खेल महोत्सव 2.0 के तहत लाडवा विधानसभा की खेल प्रतियोगिताएं 11 नवंबर से शुरू होंगी। तीन दिनों तक चलने वाली इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न खेलों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिताओं का आयोजन विधानसभा क्षेत्र के चार अलग-अलग खेल स्थलों पर किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं के तहत संजय गांधी मेमोरियल स्कूल के खेल मैदान में फुटबॉल के मुकाबले होंगे। खेल स्टेडियम धनौरा जाटान में वॉलीबॉल, एथलेटिक्स और जूडो की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वहीं, खेल स्टेडियम बकाली में क्रिकेट, कबड्डी और टग ऑफ वार के मुकाबले होंगे, जबकि मारकंडेश्वर हॉकी स्टेडियम शाहबाद में हॉकी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया था। इसी कड़ी में अब लाडवा विधानसभा में 11 नवंबर से खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी हैं। उन्होंने बताया कि महोत्सव के तहत 11 खेलों में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विधानसभा स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही चयनित खिलाड़ियों को लोकसभा स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा।



लाडवा। खेल प्रतियोगिता का विमोचन करते नवीन जिंदल फाउंडेशन के सदस्य व अन्य।

खेल प्रशिक्षकों की उपस्थिति की सुनिश्चित

धर्मवीर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए खेल प्रशिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। सभी मुकाबले निर्धारित खेल नियमों के अनुसार करवाए जाएंगे, ताकि प्रत्येक खिलाड़ी को अपनी प्रतिभा और क्षमता प्रदर्शित करने का समान अवसर मिल सके। इस अवसर पर भाजपा गुढा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह दबखेड़ा ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल युवाओं को खेलों से जोड़कर अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित कर रहे हैं। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक हैं, बल्कि युवाओं को नशे एवं अन्य नकारात्मक गतिविधियों से दूर रखकर उन्हें एक स्वस्थ और रचनात्मक दिशा भी प्रदान करते हैं। सांसद नवीन जिन्दल इसी सोच के साथ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन करवा रहे हैं, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने तथा अपनी पहचान बनाने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर कोच समेंद्र सिंह, कोच सुशील कुमार शर्मा, भूषण मंगला, डॉ. राज कुमार, लाडवा हल्का प्रभारी सलिंद्र कुमार और अंग्रेज सिंह उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

विशेष लोक अदालत 21 नवंबर को

अंबाला। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 21 नवंबर को जिला न्यायालय परिसर संबंधित मामलों हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित लंबित मामलों का आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्वरित निपटारा करना है, जिससे पक्षकारों का समय एवं धन दोनों की बचत हो सके तथा न्यायिक प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाया जा सके।
प्राधिकरण द्वारा सभी संबंधित पक्षकारों, आमजन से इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठाए जाने का आग्रह किया गया है।

बेरोजगारों को मिलेगा स्वरोजगार के लिए ऋण

अंबाला। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत ऋण उपलब्ध करवाएं जाएगें। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की परिवार पहचान पत्र पीपीपी आईडी के अनुसार वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख तक, आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष तथा हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी होना आवश्यक है।

बिजली शिकायतों पर आज होगी सुनवाई

अंबाला। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय बलदेवनगर में 10 नवंबर 2026 को प्रातः 11 बजे से दोहहर 1 बजे तक बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। कोई भी उपभोक्ता बिजली से संबंधित शिकायत यहां रख सकता है।

घर में घुस किया हमला तोड़फोड़ करने का आरोप

जींद। गांव तारखां घर में घुस कर मारपीट करने तथा तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने तथा तोड़फोड़ करने का केस दर्ज किया है। गांव तारखां निवासी अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर शाम को उनकी पड़ोसी संदीप के साथ कहासुनी हो गई। जिसे पर संदीप तथा उसके परिजन घर में घुस आए और हमला कर दिया।

हिंदू कन्या कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता

जींद। हिंदू कन्या कालेज में लीगल लिटरेसी सेल के तत्वावधान में एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन लीगल सर्विसेज डे के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले सप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डा. पिंकी ने विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह ऑनलाइन क्विज लिंक बच्चों के साथ सांझा किया। प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्राओं ने बेहद उत्साह दिखाते हुए बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपने जवाब दर्ज कराए। प्रक्रिया को सफल बनाने में लीगल लिटरेसी सेल की सदस्य डा. नीलम का भी विशेष और महत्वपूर्ण योगदान रहा।

दिवाली की रात दो घटनाएं, टेलर की दुकान भी पूरी तरह जली

पटाखे की चिंगारी से होटल में लगी आग, भारी नुकसान का अंदेशा

फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


होटल में लगी भीषण आग का दृश्य।

दीवाली की रात आग लगने की दो घटनाएं सामने आईं। अंबाला छावनी के लाल कुर्ती इलाके में होटल सनराइज की चार मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। आग ने होटल की ऊपरी मंजिलों और छत को अपनी चपेट में ले लिया। अंबाला शहर की सब्जी मंडी रोड स्थित राजिंद्रा टेलर की दुकान की ऊपरी मंजिल पर भी आग लग गई। दोनों जगह आग की लपटें उठती देख लोगों में अफरा-तफरी मच गई फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए मोर्चा संभाला। घटना की सूचना मिलने पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। होटल मालिक के मुताबिक, शुरुआती तौर पर छत पर पटाखे का रॉकेट गिरने से आग लगने की आशंका है। जब वह मौके पर पहुंचे तो छत पर पटाखा गिरा हुआ था और वहां आग लगी हुई थी। इसके बाद होटल में एसी से जुड़ी शीट ने आग पकड़ ली और लपटें तेजी से फैल गईं। देखते ही देखते आग ने ऊपरी हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों की अभी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक होटल मालिक की माता होटल के निचले हिस्से में रहती थीं। आग लगने के बाद पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से होटल के कमरों की तलाशी ली। चौकी इंचार्ज रविंदर के अनुसार, अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। होटल मालिक ने बताया कि दिवाली होने के कारण होटल में कोई गेस्ट नहीं ठहरा हुआ था। इससे बड़ा हादसा टल गया। घटनास्थल पर पुलिस बल और बिजली निगम के कर्मचारी भी मौजूद रहे। एहतियात के तौर पर इलाके की बिजली सप्लाई बंद करवाई गई ताकि आग बुझाने के दौरान कोई दूसरा हादसा न हो। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने में जुटे रहे। आग पूरी तरह बुझने के बाद होटल में हुए नुकसान का आंकलन किया जाएगा। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।


होटल मालिक से बातचीत करते अनिल विज।


जींद। भगत सिंह मार्केट में लगाए गए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।

श्रद्धा से मनाया अन्नकूट का पर्व व विश्वकर्मा-डे

- मंदिरों में बांटा अन्नकूट का प्रसाद, जगह-जगह लगे भंडारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाभर में विश्वकर्मा-डे व अन्नकूट का पर्व सोमवार को धूमधाम व श्रद्धा से मनाया गया। मिस्त्रियों ने जहां भगवान विश्वकर्मा को याद किया वहीं मंदिरों में भगवान कृष्ण की विशेष पूजा का आयोजन हुआ। भगवान विश्वकर्मा की पूजा के बाद जगह-जगह भंडारे लगाए गए। कारीगरों ने सोमवार को अपने प्रतिष्ठान और दुकानें बंद रखी तथा औजारों की पूजा की। इससे पहले जगह-जगह सामुहिक हवन भी आयोजित किए गए। जिसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। विश्वकर्मा दिवस के मौके पर मिस्त्रियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा को याद करते हुए उनकी पूजा की गई। दुकानदारों ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया और उसके बाद यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। विश्वकर्मा दिवस पर सोमवार को शहर में हनुमान मंदिर, सफीदों रोड, नरवाना रोड, काठ मंडी, शहर मार्केट आदि जगहों पर लोगों ने जगह-जगह भंडारे लगाए। भंडारों में काफी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा विश्वकर्मा दिवस पर दुकानदारों ने अपने औजारों की साफ-सफाई के बाद उनकी पूजा की। भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे बड़ा शिल्पकार बताते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। जिले में तमाम ऑटो मार्केट, मैकेनिक और मिस्त्रियों की दुकानें तथा वर्कशॉप आदि सब बंद रहे। राज मिस्त्रियों ने भी अपने औजारों को साफ कर उनकी पूजा की। विश्वकर्मा-डे व अन्नकूट का प्रसाद लेने के लिए शहर में जहां भी भंडारे लगे वहां लंबी-लंबी लाइनें लगी।

फसल अवशेष जलाने पर केस दर्ज तस्वीरों के आधार पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रोशनपुर में भी जलते मिले अवशेष

एक अन्य मामले में, ब्लॉक कृषि अधिकारी दर्शन सिंह की शिकायत के मुताबिक, उपग्रह की लोकेशन के आधार पर रोशनपुर गांव में 6 नवंबर को संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। मौके पर लगभग 7 कनाल 7 मरला क्षेत्र में धान के अवशेष जलते हुए पाए गए। यह खेत करनैल सिंह का है। प्रशासन ने दोनों मामलों में किसानों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए सरकारी आदेशों की अवहेलना और पर्यावरण को दूषित करने की धारा 223(ए) और 280 सहित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 15 के तहत केस दर्ज किया है।

जिले में धान कटाई के बाद पराली (धान के अवशेष) जलाने के मामलों पर प्रशासन ने अब कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। कृषि विभाग की शिकायतों के आधार पर थाना नग्गल में दो अलग-अलग किसानों के खिलाफ पर्यावरण नियमों की अवहेलना और आग लगाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उपग्रह से प्राप्त लोकेशन के आधार पर प्रशासनिक टीमों ने मौके पर जाकर मुआयना किया था। इसके बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। ब्लॉक कृषि अधिकारी अंबाला-1, दर्शन सिंह की ओर से दी गई शिकायत के अनुसार, 4 नवंबर को उपग्रह से प्राप्त सैटेलाइट लोकेशन के आधार पर जंधेड़ी गांव में एक संयुक्त टीम (हल्का पटवारी, ग्राम सचिव, कृषि कार्यकर्ता और वीएलडीए) ने मौका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान वहां धान के अवशेषों में आग लगाई पाई गई। हल्का पटवारी द्वारा तस्दीक करने पर यह खेत जगदीप सिंह का पाया गया, जो मुरब्बा/किला नंबर 42 (रकबा 1 एकड़) में स्थित है।

स्कोर्पियो सवारों ने पिता-पुत्र पर किया हमला

हमले में जख्मी पिता आईसीयू में भर्ती, पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मारने की नीयत से गाड़ी चढ़ाई

जैसे ही वे अपनी गाड़ी से उतरकर स्कॉर्पियो की तरफ बात करने के लिए आगे बढ़े, स्कॉर्पियो चालक रोहित चौहान ने जान से मारने की नीयत से उन पर गाड़ी चढ़ा दी। टक्कर लगते ही वे सड़क पर जा गिरे। इससे उनका सिर सड़क पर बाईं तरफ जा लगा और उनके माथे, आंख, सिर व दोनों घुटनों पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी धमकी देते हुए भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित का भाई अमित शर्मा तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें गंभीर हालत में कैंट के नागरिक अस्पताल लेकर गए। सिर में गंभीर चोट और नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यहां वे फिलहाल आईसीयू में भर्ती हैं।

चंडीगढ़ से कॉलेज की छुट्टी के बाद बेटी को घर लेकर लौट रहे एक पिता पर महिंद्रा स्कॉर्पियो सवार युवकों ने हमला कर दिया। आरोप है कि रास्तेभर पीछा कर रहे दबंगों ने नेशनल हाईवे पर गाड़ी रुकवाकर पहले धमकी दी और फिर जान से मारने की नीयत से उन्हें स्कॉर्पियो से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित फिलहाल छावनी के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। पुलिस ने मुख्य आरोपी रोहित चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया है। लाल कुर्ती बाजार के अलकेश शर्मा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह चंडीगढ़ के एमसीएम डीएवी कॉलेज से बेटी अनन्या शर्मा को कार से घर लेकर आ रहे थे। चंडीगढ़ से चलने के बाद एक काले रंग की महिंद्रा स्कॉर्पियो लगातार उनकी कार के साथ-साथ चल रही थी। गाड़ी में एक ड्राइवर (रोहित चौहान) के अलावा आगे की सीट पर एक लड़की और पीछे 2-3 अन्य लड़के बैठे थे। आरोप है कि ये लोग बार-बार ओवरटेक करने की कोशिश कर रहे थे, गालियां दे रहे थे। बंदूक दिखाकर जान से मारने के इशारे कर रहे थे। अलकेश शर्मा ने बताया कि आरोपी लगातार कार रुकवाने का इशारा कर रहे थे। शाम करीब 3:40 बजे जब वे काली पलटन पुल से थोड़ा आगे निकले और नेशनल हाईवे-44 पर स्थित सैनिक विश्राम गृह के सामने उन्होंने मामला सुलझाने के लिए अपनी कार साइड में रोक ली।


नरवाना। नरवाना पांच गांवों के मौजिज लोग। फोटो :हरिभूमि

सर्वजातीय नरवाना खाप के चबूतरे का शिलान्यास 22 को

नरवाना। सर्वजातीय नरवाना खाप सदस्यों व पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को निर्णाधीन खाप के चबूतरे पर हुई। बैठक में 36 बिरादरी के लोगों को शामिल किया गया। बैठक की अध्यक्षता खाप के प्रधान राजबीर मोर ने की। खाप प्रवक्ता किताब सिंह मोर ने बताया कि 36 बिरादरी के लिए यहां शहर में सब्जी मंडी गेट पर पुल के पास खाप का बड़ा चबूतरा बनाया जा रहा है। खाप के अधीन आने वाले पांच गांवों के परिवारों के लोग व समस्त शहरवासियों ने 100 रुपये कूढ़ी यानि प्रत्येक परिवार लिया जा रहा है। इसी को लेकर 22 नवंबर को चबूतरे का शिलान्यास कार्यक्रम होगा। इसमें बाहर से कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुतियां दी जाएगी। कार्यक्रम को लेकर ड्यूटियां लगा दी है। यह कार्यक्रम भव्य होने वाला है। इसमें 36 बिरादरी के लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। लोगों को आमंत्रित किया जाने का कार्य भी शुरु कर दिया गया है।

परिवार से बिछड़ी तीन बेटियां, पिता का मोबाइल मिलने पर हुआ संपर्क

- आरपीएफ व सामाजिक संस्था ने बच्चियों को परिवार से मिलाने में निभाई अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पिता के सुपुर्द करने के निर्देश

उन्हें बच्चियों के कैंट स्टेशन पर मिलने की सूचना मिली थी, जिसके बाद वह हरिद्वार से उन्हें लेने पहुंचे। जिला युवा विकास संगठन की टीम ने आरपीएफ पोस्ट में डीडीआर दर्ज करवाने व चिकित्सीय जांच की प्रक्रिया पूरी की। जानकारी बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन रंजिता सचदेवा को दी। तीनों बच्चियों को समिति के समक्ष पेश किया गया। समिति ने बच्चियों और पिता के दस्तावेजों की जांच के बाद उन्हें सुरक्षित पिता के सुपुर्द करने के निर्देश दिए।

ट्रेन में माता-पिता से बिछड़ीं 3, 5 और 11 साल की तीन बच्चियां कैंट रेलवे स्टेशन पर मिलीं। आरपीएफ की टीम ने उन्हें सुरक्षित संरक्षण में लेकर परिजनों की तलाश शुरू की। काफी देर पूछताछ के बाद बड़ी बच्ची ने पिता का मोबाइल नंबर बताया। आरपीएफ और जिला युवा विकास संगठन की टीम ने पिता से संपर्क किया। सूचना मिलने पर पिता हरिद्वार से कैंट स्टेशन पहुंचा। बाल कल्याण समिति की जांच और जरूरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीनों बच्चियों को सुरक्षित पिता के सुपुर्द कर दिया गया। यह कार्रवाई एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के तहत जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस की सहयोगी संस्था जिला युवा विकास संगठन की टीम ने की। संगठन के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अजय तिवारी को कैंट आरपीएफ में तैनात एसआई विजय ने फोन कर सूचना दी थी कि प्लेटफार्म नंबर एक पर तीन बच्चियां बिना अभिभावकों के घूमती मिली हैं। आरपीएफ टीम बच्चियों को पोस्ट पर ले गई और उनसे पूछताछ की, लेकिन शुरुआत में वे परिजनों के बारे में जानकारी नहीं दे पाईं। बाद में बड़ी बच्ची ने पिता का मोबाइल नंबर बताया। संपर्क करने पर पिता ने बताया कि बच्चियां ट्रेन में उससे बिछड़ गई थीं।


नरवाना। दीवाली की खरीदारी करते लोग। फोटो :हरिभूमि

जिले में दीपावली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया

नरवाना। नरवाना में लोगों ने रविवार को बड़ी धूमधाम से दिपावली का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया और सोमवार को भगवान विश्वकर्मा का दिवस कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। दिवाली के दिन शाम 7 बजे तक जमकर खरीदारी की। दुकानदारो के चेहरों पर रौनक देखने को मिली। ग्राहकों को देखकर दुकानदारों के चेहरों को मुस्कान देखने को मिली। शाम को हलवाइयों, रेडिमेड गारमेंट, गिफ्ट हाऊस खाली नजर और शहर में पटाखों की गूंज रात के एक बजे तक सुनाई दी, लोगों ने लाखों रुपए के पटाखे फोड़े जिससे एक नकारात्मक प्रभाव तो अवश्य देखने को मिला जिससे शहर में प्रदुषण का स्तर बढ़ गया व सुबह लोगों की आंखों में जलन महसूस हो रही थी।

बडनपुर में राज्य स्तरीय पदक विजेताओं को किया सम्मानित

नरवाना। गांव बडनपुर में एकदिवसीय रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 1600 मीटर रेस प्रतियोगिता में अंकुश कुमार पहला स्थान व राजदीप द्वितीय स्थान पर रहे। प्रैस को जानकारी देते हुए शहीद भगत सिंह इंकलाब मंच हरियाणा अध्यक्ष व पूर्व सरपंच डा. जोगिन्द्र श्योकंद ने बताया कि युवा खेल क्लब बडनपुर व स्पोर्टस कमेटी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 150 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। रेस प्रतियोगिताओं में 30 खिलाडियों को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि, मेडल व मोमेंटो दिए गए। बुजुर्गों की रेस में जगदीश प्रथम, दिलबाग द्वितीय व भाना व बलवान फौजी तृतीय रहे। उन्हें भी हुक्का व नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। गांव की 4 लड़कियों का हरियाणा स्कूली क्रिकेट टीम में चयन होने पर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अमित बडनपुर, सरपंच गगनदीप श्योकंद, संजय, दौला बडनपुर रहे।

शहीद स्मारक को देखने के लिए 20 दिनों की सीटें फुल

अंबाला। अंबाला छावनी में नवनिर्मित 1857 शहीद स्मारक की बुकिंग शुरू होते ही पर्यटकों और इतिहास प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। स्मारक प्रबंधन द्वारा ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल खोलने के कुछ ही घंटों के भीतर पहले महीने के 30 दिनों में से 20 दिनों की सीटें पूरी तरह भर गईं। यह स्मारक प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की शौर्य गाथा को संजोए हुए है। करीब 22 एकड़ क्षेत्र में फैले इस विशाल स्मारक को देखने के लिए देशभर से लोग एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। हरियाणा के अलावा पंजाब, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों से भी पर्यटक आ रहे हैं। स्मारक को लेकर जनता से अप्रत्याशित और अभूतपूर्व रुझान मिल रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

निगम कमिश्नर ने लोगों से स्वच्छता का ख्याल रखने का किया आग्रह

निगम सभी वार्डों में चलाएगा सफाई अभियान

- शहर के सभी वार्डों में सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला शहर के बाजारों और रिहायशी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम विशेष अभियान चलाएगा। इसके तहत शहर के सभी 20 वार्डों में सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था संभालेंगे। नगर निगम का प्रयास है कि त्योहार के दौरान सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़े के ढेर न लगें और लोगों को स्वच्छ वातावरण मिले। दिवाली पर बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ बढ़ने से मिठाइयों, सजावटी सामान और पूजा सामग्री की दुकानों के आसपास कचरा अधिक निकलता है। वहीं, घरों में साफ-सफाई और सजावट के दौरान भी बड़ी मात्रा में कूड़ा निकलता है। शहर में सामान्य दिनों में रोजाना करीब 200 टन कचरा निकलता है, जबकि दिवाली के दिनों में इसकी मात्रा और बढ़ जाती है। ऐसे में निगम की ओर से वार्ड स्तर पर सफाई कर्मचारियों के जरिए व्यवस्था संभाली जाएगी। नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र सिंह सहरावत ने बताया कि दीवाली के बाद सफाई के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे, ताकि त्योहार के दौरान शहर साफ-सुथरा रहे।

पर्यावरण का भी ध्यान रखें

कमिश्नर ने कहा कि त्योहार खुशियों और उत्साह के साथ मनाएं, लेकिन पर्यावरण का भी ध्यान रखें। अधिक पटाखे जलाने से वायु और ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है। इसका असर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी परेशानियों से जूझ रहे लोगों पर पड़ता है। इसलिए लोगों को पटाखों का कम इस्तेमाल करने और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से दिवाली मनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।